# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या — पी॰आर॰ 94/2023**

**इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/सम्बद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालय की सूची OFSS वेबसाईट पर अपलोड करने तथा उसके सम्बन्ध में दिनांक 26.04.2023 तक आपत्ति दर्ज करने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/सम्बद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालयों के प्रधान/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के विषयवार एवं संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित सूची OFSS वेबसाईट **www.ofssbihar.in** पर अपलोड है।

**2.** जिन शिक्षण संस्थानों के प्रधान/प्राचार्य को समिति द्वारा वेबसाईट पर अपलोड किए गए सूची के संबंध में कोई आपत्ति/आपत्तियाँ हैं, तो वे **दिनांक 22.04.2023 से 26.04.2023, अपराह्न 5:00 बजे तक** अपनी आपत्ति/आपत्तियों को समिति के ई–मेल आई०डी० : **bsebjsofss@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**3.** समिति से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के विषयवार एवं संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित पूरी सूची को देखने के लिए वेबसाईट **www.ofssbihar.in** पर जाकर "College Information" पर Click करना होगा तथा उसके बाद "Intermediate" link पर Click करते हुए पूरी सूची देखी जा सकती है।

**4.** उल्लेखनीय है कि **दिनांक 26.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे** के बाद समिति को प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**5.** समिति द्वारा तैयार किए गए शिक्षण संस्थानों की सूची के संबंध में यदि कोई आपत्ति/आपत्तियाँ प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि संबंधित शिक्षण संस्थान को समिति द्वारा प्रदान किए गए संकायवार तथा विषयवार सीट संख्या के संबंध में कोई आपत्ति/आपत्तियाँ नहीं है।

**संयुक्त सचिव (OFSS)**